मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-551
07/12/2022

# बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान करें :– मुख्यमंत्री

पटना, 07 दिसम्बर 2022 :– आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 01 अण्णे मार्ग में मुलाकात कर उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किया और देश के बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनकी कुर्बानियॉ अमर है। वे अपने जान के मूल्य पर राष्ट्र पर आये बाह्य एवं आंतरिक संकटों का मुकाबला बहादुरी के साथ करते हैं। इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये उन्होंने राज्यवासियों से बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किये जाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आपका यह अंशदान बहादुर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक कर्नल (सेवानिवृत) दिलीप प्रसाद को अंगवस्त्र भेंट किया।

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, सचिव गृह श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक कर्नल (सेवानिवृत) दिलीप प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******